Enriching Education through Drama

तीन दिवसीय कार्यशाला की आख्या

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान भीमताल में दिनांक 16-11-2023 से 18-11-2023 तक तीन दिवसीय "नाट्य माध्यम से शिक्षा में समृद्धि" विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ सेवापूर्व विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विमल किशोर थपलियाल द्वारा दिल्ली से आयी "सोल डायट फाउंडेशन" संस्था की प्रशिक्षक श्रीमती डिम्पल मेहता का स्वागत कर किया गया।

डी॰ एल॰ एड॰ प्रशिक्षुओं के द्वारा स्वागत गीत गाया गया।

प्रथम दिवसीय कार्यशाला में बच्चों के व्यापक हिन्दी, अंग्रेजी शब्द भण्डार के निर्माण, स्वअभिव्यक्ति हेतु गतिविधियाँ तथा शिक्षण की आधारभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु स्वर (आवाज) कल्पनाशीलता, शारीरिक अभिव्यक्ति तथा कहानी, कविता के माध्यम से करवाना रहा।

द्वितीय दिवसीय कार्यशाला में बच्चों में पढ़ने की आदत का विकास करवाना, परम्परागत शिक्षण से हटकर आधुनिक मनोवैज्ञानिक शिक्षण द्वारा अवधारणा और विषय को समझाना, छात्रों के मनमस्तिष्क को सूचनाओं का संग्राहक ना बनाकर वास्तविक ज्ञान का निर्माण कराना, प्रगतिशील मानसिकता का विकास, मनोवैज्ञानिक ढंग से नैतिक शिक्षा देना महत्वपूर्ण रहा।

अंतिम दिवसीय कार्यशाला में कहानी में पात्र, नायक का चयन करके बच्चों में समझ, परख के दृष्टिकोण का विकास करना, लैंगिक समानता, कहानी निर्माण, वाद विवाद आयोजन के माध्यम से गतिविधीयाँ सम्पन्न कराना। समापन सत्र में विभागाध्यक्ष द्वारा स्मृति चिन्ह देकर प्रशिक्षक श्रीमती डिम्पल मेहता को धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा एक कुशल शिक्षण निर्माण हेतु इन कार्यशालाओं के महत्व के बारे में बताया गया, तथा सत्र की सम्पन्न होने की घोषणा की गयी।

Scanned with OKEN Scanner